an>

Title: Need to provide rail connectivity between Bulandshahar and Delhi and upgrade Chola Railway Station near Bulandshahar in Uttar Pradesh-laid.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (गौतम बुद्ध नगर): उत्तर प्रदेश का बुलन्दशहर जिला मुख्यालय राजधानी दिल्ली से रेलवे से सीधा जुड़ा हुआ न होने की वजह से वहां के लोगों को दिल्ली आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । वहां के लोगों की विगत काफी समय से यह मांग रही है कि बुलन्दशहर को दिल्ली से रेल द्वारा सीधे जोड़ा जाए और यदि ऐसा किसी कारणवश संभव नहीं है तो फिर चोला रेलवे स्टेशन, जो दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाईन के अंतर्गत बुलन्दशहर से केवल 8 कि.मी. की दूरी पर पड़ता है, को उच्चीकृत कर चोला रेलवे स्टेशन का नाम " चोला-बुलन्दशहर" करते हुए यहां पर सभी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के ठहराव दिए जाएं ।